(b) If so, the steps taken by Government to protect the Scheduled Caste and Scheduled Tribe agricultural labourers from the harassment of landlords ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE (SHRI K. S. RAMASWAMY) : (a) The Goverment of Andhra Pradesh have reported that this is false.

(b) Does not arise.

समाज कल्याण में अनुसन्धान प्रशिक्षण तथा प्रशासन सम्बन्धी योजनाओं की क्रियान्विति

6442. **श्री मूलचन्द डागा :** क्या शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चौथी पंच वर्षीय योजना में समाज कल्याण में अनुसन्धान प्रशिक्षण और प्रशासन सम्बन्धी योजनाओं की क्रियान्विति के लिए कितनी धनराशि रखी गई है ; और

(ख) चालू वर्ष के लिए बनाई गई ऐसी योजनाओं के नाम क्या हैं और उनके लिए कितनी धनराशि रखी गई है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री के० आर० रामास्वामी) : (क) 89.50 लाख रुपये की धनराशि रखी गई है ।

(ख) चालू वर्ष में इन विषयों के लिए बनाई गई योजनाएं तथा उनमें से प्रत्येक के लिए रखी गई धनराशि नीचे दी गई है :—

	रुपये लाख की राशियों में
1. समाज कल्याण में अनुसंधान के लिए सामाजिक कार्य के स्कूलों को सहायता ।	1.00
2. क्षेत्रीय अनुसन्धान केन्द्रों की स्थापना ।	1.00
3. समाज कल्याण के सम्बद्ध स्थाई सलाहकार समिति के काम पर खर्च ।	0.30
4. सांख्यिकी-एवं-अनुसन्धान एकक की स्थापना	0.24
5. सामाजिक कार्य प्रशिक्षण (सामाजिक कार्य के गैर-विश्वविद्यालय स्कूलों को अनुदान) ।	1.00
6. सामाजिक कार्यों की संस्थाओं को अनुदान ।	0.30
7. बाल सेविका प्रशिक्षण के लिए बाल कल्याण की भारतीय परिषद को अनुदान ।	6.00
8. जन सहकारिता में अनुसन्धान और प्रशिक्षण के केंद्रीय संस्थान को अनुदान ।	3.00
9. समाज कल्याण पर राष्ट्रीय गोष्ठियों का आयोजन करने पर खर्च ।	0.12
10. प्रकाशन ।	1.00
11. बालवाडियों के लिये शैक्षिक उपकरणों और खिलौने के नमूने तैयार करने और उनका निर्माण करने के लिए एक प्रोटोटाइप केन्द्र की स्थापना ।	0.50

विकलांगों के नियोक्ताओं को राष्ट्रीय पुरस्कार

6443. **श्री मूलचन्द डागा :** क्या शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार कार्यकुशल विकलांगों तथा अन्य विकलांगो के नियोक्ताओं को राष्ट्रीय पुरस्कार देती है और यदि हां, तो क्या यह पुरस्कार प्रति वर्ष दिया जाता है ; और

(ख) गत वर्ष जिन लोगों को पुरस्कार दिया गया था उनके नाम क्या है और यह किस तारीख को दिया गया था ?